न्यायालय उपखण्ड अधिकारी भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी—आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या	दायर दिनांक	निर्णय दिनांक
457 / 2024	15.07.2024	31.07.2024

उनवान

1. गोपाल पिता रामा माली ना0 बा0 संरक्षक माता सीता माली निवासी लक्ष्मीपुरा तह0 बनेड़ा जिला भीलवाड़ा
2. गोरव पिता जगदीश माली ना0 बा0 संरक्षक माता सीता माली निवासी लक्ष्मीपुरा तह0 बनेड़ा जिला भीलवाड़ा
3. देवराज पिता जगदीश माली ना0 बा0 संरक्षक माता सीता माली निवासी लक्ष्मीपुरा तह0 बनेड़ा जिला भीलवाड़ा
4. नारायणी पुत्री रामा माली निवासी लक्ष्मीपुरा तह0 बनेड़ा जिला भीलवाड़ा
5. सत्यनारायण पिता रामा माली ना0 बा0 संरक्षक माता सीता माली निवासी लक्ष्मीपुरा तह0 बनेड़ा जिला भीलवाड़ा
6. सांवरिया पिता रामा माली निवासी लक्ष्मीपुरा तह0 बनेड़ा जिला भीलवाड़ा
7. सीता पत्नी रामा माली निवासी लक्ष्मीपुरा तह0 बनेड़ा जिला भीलवाड़ा
8. सीता पत्नी जगदीश माली निवासी लक्ष्मीपुरा तह0 बनेड़ा जिला भीलवाड़ा

प्रार्थीगण

बनाम

1. तुलसीराम पिता सवाईराम माली निवासी लक्ष्मीपुरा तह0 बनेड़ा जिला भीलवाड़ा
2. नारायण पिता भागीरथ माली निवासी लक्ष्मीपुरा तह0 बनेड़ा जिला भीलवाड़ा
3. उगमा पिता घीसा जाट निवासी लक्ष्मीपुरा तह0 बनेड़ा जिला भीलवाड़ा
4. उगमा पिता मांगु भील निवासी लक्ष्मीपुरा तह0 बनेड़ा जिला भीलवाड़ा
5. गोपाल पिता मांगु भील निवासी लक्ष्मीपुरा तह0 बनेडा जिला भीलवाड़ा
6. राजस्थान राज्य सरकार जरिये तहसीलदार भीलवाड़ा जिला भीलवाड़ा

—विपक्षीगण

उपस्थितः—अधिवक्ता प्रार्थी के0 के0 जीनगर

अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 05 उपस्थित नहीं

—ः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू—राजस्व अधिनियम ः—

—ः निर्णय ः—

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा लक्ष्मीपुरा प0ह0 खेडलिया भू—अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र महुआखुर्द तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2073—2076 के खाता संख्या 130 की अभिलिखित आराजियात 206, 323, 324/1 कुल किता 03 कुल रकबा 0.7714 हैक्टेयर भूमि प्रार्थीगण की खातेदारी एवं कब्जे काश्त

उपखण्ड अधिकारी भीलवाड़ा

की है और अप्रार्थीगण जैर–बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नही होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः प्रार्थीगण खातेदारी आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित कराना चाहता है। प्रार्थीगण वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

इस पर प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 05 उपस्थित नहीं। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। वकील प्रार्थी द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थी अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना चाहते है। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन् किया एंव पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

हमने पत्रावली में प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात जैरबहस के खातेदार काश्तकार होकर इन्हे आराजियात जैर बहस की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के क्रम में प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार होने से सीमांकन (पत्थरगढी) कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार भीलवाडा को सीमांकन(पत्थरगढी) कराने का आदेश दिया जाता है कि मौजा लक्ष्मीपुरा प0ह0 खेडलिया भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र महुआखुर्द तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2073–2076 के खाता संख्या 130 की अभिलिखित आराजियात 206, 323, 324/1 कुल किता 03 कुल रकबा 0.7714 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढ़ी कार्य संपादन से पूर्व फरिकेन मुकदमा को सूचित किया जावे। पत्थरगढ़ी का आशय पक्षकारों की उपस्थिति में निशानात कायम करने भर से है। इस आदेश में किसी पक्ष की बेदखली व कब्जा देने की कार्यवाही नहीं की जाए तथा किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर सीमांकन(पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार भीलवाडा को 1000–00 अक्षरे एक हजार रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे, तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करे। तहसीलदार भीलवाडा को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावे। निर्णय आज दिनांक 31.07.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Ahad

(आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ)
उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा